एक नजर में

## नि :शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन



इंदौर . लायंस क्लब इंदौर सिटी व ऊर्जा क्लब के संयुक्त तत्वावधान में सेवा सप्ताह के अंतर्गत गुरुद्वारा एलआईजी चौराहे में शिविर संयोजक लायन दिनेश रणधर, मुरली अरोड़ा, रिंकी जयसिंघानीचुग के प्रयासों द्वारा प्रख्यात एचसीजी हॉस्पिटल इंदौर ईकाई के सहयोग से नि :शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया . इसमें 300 से भी अधिक दर्शनार्थी पुरुष, महिलायें व गुरुद्वारे के सेवाधारियों का वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा परीक्षण कर उचित परामर्श प्रदान किया गया . लायंस क्लब के अनुरोध पर एचसीजी हॉस्पिटल द्वारा रियायती दरों पर इलाज किया जाएगा . शिविर में क्लब की अध्यक्ष लायन नीतू असाटी, संतोष मकवाना, अशोक गुप्ता ने सहयोग प्रदान कर गुरुद्वारे के पदाधिकारियों व चिकित्सकों का सम्मान किया व लंगर में पवित्र महाप्रसाद ग्रहण किया . डॉ . कुलभूषण मित्तल, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन अनिल खंडेलवाल, सेवा सप्ताह के चेयरपर्सन डॉ . राजेंद्र सोडाणी व पीडीजी एसपी नामदेव ने इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए बधाई दी .

## करवा चौथ महोत्सव में जीते अनेक पुरस्कार



इंदौर . लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रीक्ट 3233 जी-1 रीजन-3 द्वारा करवा चौथ महोत्सव की श्रृंखला में रीजन चेयरपर्सन मंजूलता मंडलोई के मार्गदर्शन में विभिन्न रंगारंग स्पर्धाओं का आयोजन साउथ तुकोगंज स्थित होटल साउथ एवेन्यू में किया गया . इस मौके पर डिस्ट्रीक्ट की प्रथम लायन महिला श्रीमती ममता-अनिल खंडेलवाल, सुनीता बियानी , मनजीत कौर भाटिया, प्रीति बंसल, श्वेता जोशी तथा ब्राह्मण समाज की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष मोनिका शर्मा सहित लायंस एवं विभिन्न संगठनों से जुड़ी महिलाओं ने दिलचस्प गेम्स में शामिल होकर करवा चौथ की महत्ता पर मंथन किया . करवा चौथ आधारित तंबोला भी खेला गया । डांस, मस्ती, धमाल के बीच बेस्ट करवा चौथ क्वीन, बेस्ट चूड़ा, बेस्ट झुमका, बेस्ट पूजा थाली, बेस्ट मेहंदी, बेस्ट चलनी जैसी स्पर्धाएं भी रखी गई . लकी ड्रा में भी महिलाओं ने पुरस्कार जीते . संचालन रिचा वाधवानी ने किया और आभार माना वीणा रावल ने . रीजन चेयर पर्सन मंजूलता मंडलोई ने अतिथियों के साथ स्मृति चिन्ह एवं उपहार भेंट किए .

## 'ताई' के हाथों आज मिलेगा छात्रवृत्ति चेक


इंदौर . श्री वैष्णव शैक्षणिक एवं पारमार्थिक न्यास समाजसेवा और शिक्षा क्षेत्र में अपने सतत योगदान की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी जरूरतमंद विद्यार्थियों को श्री वैष्णव छात्रवृत्ति एवं संस्कृत विद्यालयों के विद्यार्थियों को वस्त्र वितरण प्रदान करेगा . कार्यक्रर्य की मुख्य अतिथि सुमित्रा महाजन पूर्व लोकसभा अध्यक्ष रहेंगी, जिनके करकमलों से विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति चेक प्रदान किए जाएंगे . यह प्रेरणादायी आयोजन 15 अक्टूबर प्रात : 11 .30 बजे वैष्णव ऑडिटोरियम, श्री वैष्णव विद्या परिसर, जवाहर मार्ग में संपन्न होगा . न्यास के अध्यक्ष पुरुषोत्तमदास पसारी एवं मंत्री गिरधरगोपाल नागर ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य प्रतिभाशाली और आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को प्रोत्साहन देकर उन्हें उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर करना है . श्री वैष्णव न्यास का यह प्रयास शिक्षा, संस्कार और समाजसेवा के मूल्यों को सशक्त बनाने की दिशा में एक प्रेरक कदम है .

## मरीज का एंबुलेंस में ही शुरू हो सकेगा इलाज





इंदौर . इमरजेंसी चिकित्सा सेवाओं के क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम उठाते हुए मेदांता हॉस्पिटल ने अत्याधुनिक 5जी-सक्षम एंबुलेंस सेवा शुरू की है . रेड हेल्थ और मेदांता हॉस्पिटल के साझेदारी में अत्याधुनिक 5जी-सक्षम एम्बुलेंस मेदांता हॉस्पिटल में तैनात की जाएंगी, जो उन्नत टेलीमेडिसिन क्षमताओं और रीयल-टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम से लैस होंगी, और प्रशिक्षित चिकित्सा प्रोफेशनल्स द्वारा संचालित होंगी . यह एंबुलेंस गंभीर रूप से बीमार मरीजों को हॉस्पिटल पहुंचने से पहले ही उपचार प्रदान करेगी और उनकी लाइव मॉनिटरिंग की सुविधा देगी . इससे मरीज को जीवन बचाने का अधिक मौका मिलेगा और हॉस्पिटल पहुंचते ही उसे तुरंत आवश्यक उपचार दिया जा सकेगा . इस सुविधा का लाभ कभी भी 1068 पर कॉल करके लिया जा सकता है . इस सहयोग की शुरुआत फ्लैग ऑफ समारोह से हुई, जिसमें मेडिकल डायरेक्टर मेदांता हॉस्पिटल इंदौर डॉ . संजय गीद, मेदांता हॉस्पिटल न्यूरोसाइंसेज के डायरेक्टर डॉ . रजनीश कछारा और डॉ . तौसीफ थंगलवाडी सीओओ, रेड .हेल्थ ने शिरकत की . डॉ . गीद ने कहा यह सुविधा विशेष रूप से सड़क दुर्घटनाओं, हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी आपात स्थितियों में कारगर साबित होगी, जहां हर सेकंड कीमती होता है . डॉ . तौसीफ ने कहा हर आपात स्थिति में समय बहुत महत्वपूर्ण होता है, और हमारी साझेदारी से यह सुनिश्चित होता है कि इंदौर के लोगों को समय पर और उत्तम आपातकालीन देखभाल मिले .

## महिलाओं को दी सिलाई, कड़ाई, बुनाई की ट्रेनिंग



महू . स्वदेशी से स्वावलंबी भारत अभियान के तहत संस्था स्वावलंबी मातृ सृजन सामाजिक एवं महिला कल्याण संस्था महू द्वारा गत दिवस एक दिवसीय सृजन मेले का गोपाल मंदिर सांघी स्ट्रीट महू में आयोजित किया गया . संस्था अध्यक्ष साधना शर्मा ने बताया कि संस्था द्वारा महू के अलग-अलग स्थानों पर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सिलाई, कड़ाई, बुनाई एवं सजावट का सामान बनाने का नि :शुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है . इसके अलावा भिन्न-भिन्न प्रकार के भोज्य पदार्थ बनाने के लिए भी प्रेरित किया जाता है . सृजन मेले में मैनेजिंग डायरेक्टर (शांता फॉर्म) राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मालवा प्रांत महिला प्रमुख स्वदेशी जागरण मंच से पल्लवी व्यास ने स्वदेशी एवं स्वावलंबन पर अपने विचार रखे . उन्होंने स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने के लिए सभी महिलाओं को संकल्प भी दिलाया . मेले में महू विधायक ऊषा ठाकुर, डॉ . अर्पिता सहायक प्राध्यापक स्वदेशी जागरण मंच इन्दौर महानगर महिला प्रमुख, पूर्व बाल संरक्षण आयोग सदस्य सोनम निनामा ने भी महिलाओं को प्रोत्साहित किया .


## राष्ट्रीय पोषण कार्यक्रम संपन्न



महू . ग्राम पंचायत गवली पलासिया में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत राष्ट्रीय पोषण माह के सेक्टर स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया . इसके अंतर्गत 5 गर्भवती माताओं की गोद भराई और 5 बच्चों का अन्नप्राशत्र करवाया गया . कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरपंच रवि पाटीदार, विस्तारक जितेंद्र पाटीदार, सेक्टर सुपरवाइजर छाया परमार सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं उपस्थित रहीं .

# आज से राजवाड़ा क्षेत्र रहेगा नो व्हीकल ज़ोन

- पुलिस ने जारी किया त्यौहारो के दौरान राजवाड़ा क्षेत्र का यातायात प्लान
- 15 से 21 अक्टूबर तक दोपहर 12 से रात 9 बजे तक चार पहिया वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित




**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** दीपावली और अन्य त्योहारों के दौरान राजवाड़ा क्षेत्र में बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए यातायात पुलिस ने विशेष ट्रैफिक प्लान लागू किया है. इस प्लान के तहत 15 से 21 अक्टूबर तक दोपहर 12 बजे से रात 9 बजे तक राजवाड़ा और आसपास के बाजार क्षेत्र में चार पहिया वाहन, ई-रिक्शा, ऑटो, सिटी बस और कारों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा.

यातायात नियंत्रण के तहत राजवाड़ा क्षेत्र में आने वाले चार पहिया वाहनों को आसपास के नियत पार्किंग स्थलों पर ही रोककर डायवर्ज कर दिया जाएगा. यातायात पुलिस उपायुक्त आनंद कलादगी ने बताया कि इससे मुख्य बाजारों में जाम और भीड़-घटनाओं की आशंका घटेगी तथा आपातकालीन सेवाओं के पहुंचने में भी आसानी रहेगी. यहां आने वाले वाहन चालकों के लिए निर्धारित पार्किंग इस तरह से रहेंगी. एमजी रोड और नगर निगम की दिशा से आने वाले वाहन फ्रूट मार्केट कृष्णापुरा छत्री न्यू पार्किंग. संजय सेतु की ओर से आने वाले वाहन संजय सेतु नंदलालपुरा कृष्णापुरा छत्री न्यू पार्किंग. मच्छी बाजार बड़ा गणपति की ओर से आने वाले वाहन मालगंज होते हुए सुभाष चौक पार्किंग. उक्त पार्किंगों से राजवाड़ा के पैदल मार्गों तक बेहतर पहुंच उपलब्ध कराई जाएगी. यातायात पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे राजवाड़ा क्षेत्र में चार पहिया वाहन न लाएं, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें और निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही वाहन खड़ा करें. पुलिस ने सभी से यातायात नियमों के पालन और सहयोग की अपेक्षा की है ताकि त्योहारों में शहर की रफ्तार बनी रहे और व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे.

**डायवर्जन रूट**

यातायात को मल्हारगंज थाना टी, गोवर्धन टेलर तिराहा, सुभाष चौक-पानी की टंकी, मच्छी बाजार चौक, संजय सेतु, फ्रूट मार्केट व नगर निगम चौराहा आदि मार्गों से डायवर्ज किया जाएगा . पुलिस ने इन मार्गों पर अतिरिक्त स्टाफ और संकेत नियुक्त कर दिए हैं ताकि ड्राइवरों को समुचित वैकल्पिक रूट मिल सकें . यातायात पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे अगामी त्योहारों में सार्वजनिक परिवहन का अधिकतम उपयोग करें, आवश्यक होने पर ही चार पहिया वाहन लेकर आएं और निर्धारित पार्किंग स्थलों का प्रयोग करें . साथ ही लोगों से अनुरोध है कि पुलिस और यातायात कर्मियों के निर्देशों का पालन करते हुए व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग दें . रवाना होने से पहले वाहन चालक अपना रूट और पार्किंग स्थान जांच लें .



## सेवानिवृत्त प्रोफेसर कैलाश चौधरी ने देहदान से दी मानवता की सीख

- मुख्यमंत्री की घोषणा के तहत गार्ड ऑफ ऑनर
- नेत्र-त्वचा दान से कई जीवन होंगे लाभान्वित

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. न्यू पलासिया निवासी जीएसटीआईएस के सेवानिवृत्त प्रोफेसर और शिक्षाविद् कैलाश चौधरी के निधन उपरांत परिवार ने उनकी इच्छा अनुसार नेत्र, त्वचा व देहदान कर समाज में सेवा और परोपकार की मिसाल पेश की.**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की घोषणा के अनुसार, देहदान के समय मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया. दिवंगत का नेत्रदान एमके इंटरनेशनल आई बैंक, त्वचा दान चोइथराम स्किन बैंक तथा देहदान श्री अरविंदो मेडिकल कॉलेज में किया गया. समन्वय कार्य समाजसेवी डॉ. अनिल भंडारी द्वारा संपन्न हुआ. आईपीएस संस्थान के पूर्व डायरेक्टर प्रो. चौधरी ने जीवनभर शिक्षा दी और मृत्यु के बाद भी विद्यार्थियों की शिक्षा व मानवहित का साधन बने. समाज के वरिष्ठजनों ने परिवार के इस पुण्य कार्य की सराहना करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की.



## ट्रैफिक पुलिस ने सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स से मांगा सहयोग

- सड़क सुरक्षा और यातायात सुधार में युवाओं की भागीदारी जरूरी : डीसीपी आनंद कलादगी

**इंदौर.** शहर की यातायात व्यवस्था को सुरक्षित और अनुशासित बनाने के उद्देश्य से ट्रैफिक पुलिस ने सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स के साथ विशेष बैठक आयोजित की. बैठक में प्रभारी डीसीपी ट्रैफिक आनंद कलादगी ने कहा कि युवाओं और इंफ्लूएंसर्स की शक्ति समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकती है. यदि वे मिलकर सड़क सुरक्षा के संदेश को फैलाएं तो इसका लाभ लाखों लोगों तक पहुंचेगा.

बैठक में विभिन्न प्लेटफॉर्म्स से जुड़े कंटेंट क्रिएटर्स और युवाओं ने हिस्सा लिया और ओवर स्पीडिंग, नो पार्किंग, ड्रंक एंड ड्राइव जैसे विषयों पर जागरूकता फैलाने के सुझाव दिए. इसके बाद डीसीपी कलादगी ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस जल्द ही रोड सेफ्टी पर जनजागरण अभियान शुरू करेगी, जिसमें सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स की सक्रिय भागीदारी रहेगी, ताकि सड़क सुरक्षा का संदेश प्रभावी ढंग से आम जनता तक पहुंचाया जा सके.

## यातायात के लिए सख्त हिदायतें, नियम पालन पर जोर

- सुरक्षित यातायात के लिए बस-ट्रक संचालकों की बैठक
- कहा- नशे में या बिना लाइसेंस वाहन चलाने पर होगी कार्रवाई



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. शहर में सुरक्षित और सुचारू यातायात व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में तथा अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अमित सिंह और डीसीपी यातायात आनंद कलादगी के निर्देशन में पुलिस नियंत्रण कक्ष में बस एवं ट्रांसपोर्ट संचालकों की बैठक आयोजित की गई.**

बैठक में यातायात पुलिस के अधिकारियों के साथ शहर के प्रमुख बस व ट्रक संघों के पदाधिकारी उपस्थित रहे. अधिकारियों ने कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था में नागरिकों व परिवहन संगठनों का अब तक मिला सहयोग सराहनीय है, जिससे शहर का यातायात पहले की तुलना में काफी सुगम और नियंत्रित हुआ है. बैठक में दिए गए मुख्य निर्देशों में, सभी वाहन चालकों के लाइसेंस, फिटनेस सर्टिफिकेट और परमिट की जांच अनिवार्य की गई. नॉन-कमर्शियल लाइसेंस वाले व्यक्ति किसी भी परिस्थिति में भारी वाहन नहीं चलाएं. नशे में वाहन चलाने, ओवरलोडिंग या अनावश्यक रेस पर सख्त कार्रवाई होगी. बसें केवल चिन्हित स्टॉपेज पर ही यात्रियों को बैठाएं या उतारें, अन्यत्र रुकना प्रतिबंधित रहेगा. शहर के प्रमुख मार्गों पर ट्रैफिक पुलिस, थाना पुलिस और आरटीओ की संयुक्त टीम द्वारा नियमित जांच की जाएगी. बैठक में संघों के प्रतिनिधियों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया और रूट प्लॉनिंग व पार्किंग व्यवस्था को लेकर अपने सुझाव भी साझा किए, जिन्हें अधिकारियों ने संज्ञान में लेते हुए भविष्य की योजना में शामिल करने का भरोसा दिया.




## पेंशनर्स के मुद्दों पर विचार विमर्श कर प्रस्ताव किए पारित

- केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति की दो दिवसीय बैठक संपन्न

**इंदौर. जनरल इंश्योरेंस पेंशनर्स आल इंडिया फेडरेशन की केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति की दो दिवसीय बैठक माहेश्वरी भवन पर संपन्न हुई.**

संचालन करते हुए प्रारंभ में शरद महाजन ने स्वागत में कहा कि मध्यप्रदेश देश की हृदय स्थली है और इंदौर इस हृदय की धड़कन है. इंदौर का एक गौरवमय, समृद्ध इतिहास रहा है. मुख्य अतिथि नेशनल इंश्योरेंस कंपनी के डिप्टी जनरल मैनेजर समीर कालरा एवं अतिथि म. प्र. बैंक एम्प्लाइज एसोसिएशन के चेयरमैन मोहन शुक्ला थे. फेडरेशन के जनरल सेक्रेटरी यु. बैनर्जी ने पेंशनर्स के विभिन्न लंबे समय से लंबित मुद्दों पर प्रकाश डाला. चेयरमैन आर.पी. सामल, अध्यक्ष आर.एस. टुटेजा एवं डिप्टी जनरल सेक्रेटरी श्याम माथुर तथा अतिथियों ने भी संक्षिप्त उद्बोधन दिया. जनरल इंश्योरेंस एसोसिएशन म.प्र. के सचिव सी. एल. मोदी भी मंच पर उपस्थित रहे. धन्यवाद संबोधन उपाध्यक्ष नवीन जैन ने दिया. दूसरे दिन फेडरेशन के पदाधिकारियों एवं केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति सदस्यों ने आ. एस. टुटेजा की अध्यक्षता में विभिन्न मुद्दों, जैसे फेमिली पेंशन, पेंशन अपडेशन, 80 वर्ष और अधिक आयु के पेंशनर्स को अतिरिक्त पेंशन, चारों पब्लिक सेक्टर साधारण बीमा कंपनियों का विलय कर एक निगम बनाना, बेहतर मेडिकल सुविधाएं, पेंशनर्स एवं वरिष्ठजनों की ग्रुप मेडीक्लेम पॉलिसी प्रीमियम में जीएसटी की रियासत, वरिष्ठ नागरिकों को रेल्वे किराये में रियायत, महंगाई आदि मुद्दों पर गहन विचार विमर्श कर प्रस्ताव पारित किए एवं रणनीति तय की गई. दो दिवसीय बैठक के समापन पर मेजबान एसोसिएशन की ओर से उपाध्यक्ष लोकेन्द्र कोठारी ने आभार प्रदर्शन किया. उक्त जानकारी जनरल इंश्योरेंस रिटायर्ड एम्प्लाइज एसोसिएशन म.प्र. के अध्यक्ष शरद महाजन एवं सचिव सी.एल. मोदी ने दी.

## भावांतर योजना के नोडल अधिकारी ने व्यवस्थाओं का किया अवलोकन



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. प्रदेश सरकार की भावांतर योजना की व्यवस्थाओं को लेकर आज प्रशासनिक अधिकारियों ने मंडी का दौरा किया. इस दौरान अधिकारियों ने नीलामी से लेकर तोल कांटे तक की जानकारी ली. साथ ही कहा कि पंजीकृत किसानों को ही योजना का लाभ मिलेगा.**

आज अपर कलेक्टर एवं भावांतर योजना नोडल अधिकारी पवार नवजीवन विजय ने छावनी अनाज मंडी का निरीक्षण किया. पवार नवजीवन ने मण्डी परिसर में प्रवेश व्यवस्था, नीलामी, सेम्पलिंग, इलेक्ट्रानिक तौल कांटे से तौलने की व्यवस्थाओं का अवलोकन कर किसानों, व्यापारियों, हम्माल एवं तुलावटियों से चर्चा कर समस्याओं की जानकारी ली. साथ ही मौजूद लोगों के सुझाव पर व्यवस्था करने के आवश्यक निर्देश दिए. इस दौरान मंडी सचिव रामवीर किरार और मंडी के अधिकारी मौजूद थे. किरार ने बताया कि सोयाबीन के भावांतर योजना में खरीदी 24 अक्टूबर से 15 जनवरी तक की जाएगी. योजना का पंजीयन 17 अक्टूबर तक किसानों को करना आवश्यक है. अपंजीकृत कृषकों को योजना का लाभ नही मिलेगा. किसानों को पंजीकृत खाते में ही भुगतान का लाभ लेने की पात्रता होगी. योजना में किसानों को नकद भुगतान लेने पर योजना का लाभ नहीं दिया जाएगा. साथ ही किसान बगैर नम्बर के वाहनों में उपज मंडी प्रांगण में विक्रय हेतु लाते है तो ऐसे किसान को भी योजना का लाभ नहीं दिया जाएगा. एफएक्यू क्वालिटी की सोयाबीन होने पर ही भावांतर योजना का लाभ मिलेगा. किसानों से अपील की गई है कि पंजीकृत किसान नम्बर युक्त वाहन में एफएक्यू क्वालिटी का सोयाबीन बेचने के साथ पंजीकृत खाते में भुगतान प्राप्त करें. अपनी कृषि उपज को साफ सुथरा और सुखा कर लाएं.



## महू से महाराष्ट्र के लिए उड़े 3 ग्लाइडर

- रेजिमेंट ऑफ आर्टिलरी के 200 साल पूरे, अभियान के तहत रवाना

**महू.** सेना के रेजिमेंट ऑफ आर्टिलरी के 200 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में कारगिल से कन्याकुमारी तक चल रहे पावर हैंग ग्लाइडर अभियान के तहत मंगलवार सुबह 10 बजे महू से 3 ग्लाइडरों ने उड़ान भरी. ये ग्लाइडर महाराष्ट्र के धुले के लिए रवाना हुए.

यह उड़ान महू के भाटखेड़ी स्थित एयरोनोडल सेंटर से शुरू हुई. इस दौरान एमसीटीई कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल विवेक डोगरा ने सभी प्रतिभागियों को झंडी दिखाकर रवाना किया. कारगिल से शुरू हुआ यह एक्सपीडिशन 4 नवंबर को कन्याकुमारी में संपन्न होगा. इस अभियान में महू एयरोनोडल सेंटर से भी माइक्रोलाइट और पावर हैंग ग्लाइडर शामिल हुए और उन्होंने अपनी उड़ान भरी.

एक नजर में | पुलिस कमिश्नर ने नगद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर बढ़ाया हौसला

## त्योहारों में बेहतर ड्यूटी देने वाले 48 पुलिसकर्मी सम्मानित



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. त्योहारों के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित करते हुए पुलिस कमिश्नर ने 48 पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र और एक-एक हजार रुपए का नगद पुरस्कार प्रदान किया. ये सभी पुलिसकर्मी नवरात्रि, दशहरा और करवाचौथ के दौरान शक्ति मोबाइल टीम में तैनात थे और उन्होंने महिला सुरक्षा को लेकर उल्लेखनीय कार्य किया था.**

महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए इंदौर पुलिस ने शहर के सभी थाना क्षेत्रों में महिला पुलिस बल के साथ 13 शक्ति मोबाइल टीमों का गठन किया था. इन टीमों ने नवरात्रि के गरबा पंडालों, धार्मिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में लगातार पेट्रोलिंग की और असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी. पुरस्कार वितरण समारोह में पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने कहा कि त्योहारों के दौरान पुलिसकर्मियों ने जिस समर्पण, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ अपना कर्तव्य निभाया, वह सराहनीय है. उन्होंने सभी को भविष्य में भी इसी तत्परता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया. त्योहारों के दौरान शक्ति मोबाइल टीमों ने न केवल बेहतर पुलिसिंग की, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी निभाई. कई मामलों में उन्होंने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, गुम हुए बच्चों को परिजनों से मिलाया और रात के समय अकेली महिलाओं को सुरक्षित घर तक छोड़ा. साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों की जांच कर कई प्रभावी कार्रवाइयां भी की गईं. इन प्रयासों की शहरवासियों ने भी खुलकर सराहना की. नागरिकों ने कहा कि शक्ति मोबाइल की तुरंत और संवेदनशील कार्रवाई ने त्योहारी माहौल में सुरक्षा और विश्वास की भावना को और मजबूत किया है.